9 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी माधवेंद्र प्रताप का किया सम्मान

अंतरराष्ट्रीय जीत से बढ़ाया देवास जिले का मान

देवास। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले 9 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी माधवेंद्र प्रताप के देवास आगमन पर देवास जिला शतरंज संघ द्वारा उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें शॉल, श्रीफल और पुष्पहार भेंट कर अभिनंदन किया गया। माधवेंद्र प्रताप ने कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियाई गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।

इतनी कम उम्र में उनकी इस उपलब्धि से जिले के खेल जगत में उत्साह का माहौल है और युवा खिलाड़ियों को नई प्रेरणा मिल रही है।कार्यक्रम के दौरान माधवेंद्र प्रताप ने देवास में आयोजित होने वाले सेकंड इंटरनेशनल क्लासिकल चेस टूर्नामेंट के लिए देवास जिला शतरंज संघ को बधाई दी। उन्होंने कहा ऐसे बड़े आयोजनों से स्थानीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से सीखने और अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है।सम्मान समारोह के दौरान उन्होंने उपस्थित बच्चों के साथ शतरंज खेलते हुए खेल की बारीकियां भी समझाईं। साथ ही बच्चों को नियमित अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।जिला सचिव पवन यादव ने बताया कि माधवेंद्र प्रताप की यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है और इससे युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष सुधीर पंडित, उपाध्यक्ष चेतन राठौड़, कोषाध्यक्ष क्षितेंद्र सिंह, सह सचिव पावन पाटिल, शैलेंद्र चंद्रवंशी, कुणाल आयाचित, आयोजन सहयोगी मुकेश धुरिया, पियूष पंडित, सरफराज सिद्दीकी, मनोज कुशवाहा सहित अन्य सदस्यों ने खिलाड़ी को बधाई दी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला खेल अधिकारी एवं सॉफ्ट बॉल सचिव राजीव श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी खिलाड़ी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रसोई गैस सिलेंडर किल्लत की अफवाह से एजेंसियों पर भीड़

जिला आपूर्ति अधिकारी ने कहा पर्याप्त स्टॉक, घबराने की नही जरूरत

देवास। कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने की खबरों के बीच शहर में एलपीजी गैस की मांग अचानक बढ़ गई है। गुरुवार को शहर की गैस एजेंसियों पर लोगों की भीड़ देखी गई। घरेलू और कमर्शियल दोनों तरह के सिलेंडरों की मांग में उछाल आने से कई जगहों पर वेटिंग भी बढ़ गई है।

शहर के होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज गार्डन और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों ने बताया कि उनके पास केवल 3 से 4 दिन का गैस स्टॉक ही बचा है। उनका कहना है कि यदि समय पर पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिली, तो आने वाले दिनों में उनके प्रतिष्ठानों का संचालन प्रभावित हो सकता है। कई व्यवसायियों ने यह आशंका भी जताई है कि गैस नहीं मिलने की स्थिति में उन्हें अपने प्रतिष्ठान अस्थायी रूप से बंद करने पड़ सकते हैं। दरअसल घरेलू गैस टंकियों की किल्लत को लेकर फैली अफवाहों के चलते कई गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ लग गई। लोग टंकियां लेने के लिए एजेंसियों पर पहुंचने लगे।

हालांकि जिला आपूर्ति अधिकारी ने किल्लत की बात को सिरे से नकारते हुए कहा कि जिले में घरेलू गैस टंकियों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी भी उपभोक्ता को पैनिक होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। गैस टंकियों की ब्लैक मार्केटिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। अधिकारियों ने बताया कि कमर्शियल गैस टंकियों का वितरण फिलहाल अस्पताल, शासकीय संस्थानों की कैंटीन और हॉस्टल जैसे आवश्यक संस्थानों को किया जा रहा है। जबकि होटलों, कारखानों और मॉल में आपूर्ति पर फिलहाल रोक लगाई गई है।

भागवत कथा में भाव विभोर होकर झूमे भक्त

देवास। श्री कृष्ण ने अपने जन्म से ही त्याग की पीड़ा को सहकर समाज को संस्कारों के प्रति सजग रहने का सन्देश दिया जिससे आसुरी शक्ति की कभी विजय न होने पाए.. कारावास मे जन्म लेकर माता पिता से विरह की कल्पना मात्र से हमारी भावनाएं करुणामय हो जाती हैं. सनातन की धर्म ध्वजा भागवत कथा में वर्णित विभिन्न दृष्टांतो से शक्ति पा कर लहराती है.. हिन्दुओं को अपनी संस्कृति को एक भाव से अपना कर सभी के सुख दु:ख में भागी बनना है क्यूंकि हमारे प्रभु की हर लीला में समरसता का सन्देश है। कथावाचक अर्चना दीदी ने सिविल लाइन शिक्षक नगर मे आयोजित भागवत कथा मे व्यास पीठ से कथा से प्राप्त प्रेरक विचार व्यक्त व्यक्त किये। भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कारागार के प्रतिक में श्रीकृष्ण का जन्म चित्रण किया गया तत्पश्चात जैसे ही वासुदेव टोकरी मे पुत्र को लेकर निकले उपस्थित जन जय घोष कर भजनो की धुन पर झूमते हुए नृत्य करने लगे। इस अवसर पर नगर पालिक निगम सभापति रवि जैन विशेष रूप से उपस्थित हो कर प्रभु पूजा की एवं व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्य जजमान एवं आयोजक मालती अशोक शुक्ला ने बताया कि, नौ मार्च से प्रारंभ भागवत कथा का समापन पंद्रह मार्च को होगा।

बिना रॉयल्टी गिट्टी-चूरी ले जा रहे 4 वाहन पकड़े

दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और दो डंपर जब्त

देवास। जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने बिना रॉयल्टी गिट्टी और चूरी का परिवहन कर रहे वाहनों पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान खनिज अधिकारी रश्मि पांडे के नेतृत्व में टीम ने 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली और 2 डंपर को पकड़ा, जो बिना रॉयल्टी के गिट्टी और चूरी का परिवहन कर रहे थे।

वाहनों को पकड़कर हाटपीपल्या में खड़ा कराया है और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के अनुसार पकड़े गए डंपरों में से एक डंपर किसी प्रभावशाली नेता से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ कार्रवाई बिना किसी दबाव के लगातार जारी रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन और बिना रॉयल्टी खनिज परिवहन करने वालों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

एक नजर में

सरकारी कॉलेज में बनेगा विशेष कक्ष, भूमिपूजन

सोनकच्छ। सोनकच्छ अमर शहीद राजा भाऊ महाकाल शासकीय महाविद्यालय में गुरुवार को विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सोनकर ने लगभग 3.18 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नवीन अतिरिक्त भवन कक्ष का विधिवत भूमि पूजन किया। साथ ही महाविद्यालय में 65 लाख रुपये की लागत से संचालित संपूर्ण मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करती है और समाज को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करती है। महाविद्यालय वह स्थान है जहां से युवाओं को जीवन की नई दिशा मिलती है, इसलिए शिक्षा के क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकताओं में प्रमुख है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। इसी क्रम में सोनकच्छ महाविद्यालय में भी इन विकास कार्यों के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। विधायक डॉ. सोनकर ने कहा कि अमर बलिदानी राजा भाऊ महाकाल ने राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उनके त्याग, साहस और बलिदान को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में उनके जीवन-वृतांत और शौर्य गाथा पर आधारित एक विशेष स्मृति कक्ष बनाने के निर्देश भी महाविद्यालय परिवार को दिए गए हैं, ताकि युवा पीढ़ी उनके जीवन से प्रेरणा ले सके। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, महाविद्यालय परिवार तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

भ्रष्टाचार उजागर करने वाले पर झूठी एफआईआर

देवास। जिले की ग्राम पंचायत नानूखेड़ा में भ्रष्टाचार और अवैध कब्ज़े की शिकायत करने वाले ग्रामीणों पर अब प्रशासनिक प्रताड़ना का आरोप लगा है। ग्रामीणों रविंद्र सिंह सेंधव और मानसिंह सेंधव ने कलेक्टर देवास को दिए आवेदन में कहा है कि पंचायत से जुड़े लोग उनकी लगातार की गई शिकायतों के कारण उन्हें झूठी एफआईआर में फंसाने, शासकीय योजनाओं से वंचित करने और खुलेआम धमकाने का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद प्रतिशोध की भावना से उनके खिलाफ झूठा प्रकरण दर्ज किया गया। परिवार को लाड़ली बहना योजना से जबरन अपात्र कर दिया गया। पंचायत सचिव और सहायक सचिव ने पेंशन बंद कराने और समग्र आईडी से नाम हटाने की धमकी दी। 9 महीनों से लगातार शिकायतों के बावजूद न तो निष्पक्ष जांच हुई और न ही दोषियों पर कार्रवाई की गई। ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार और अवैध कब्ज़े के खिलाफ पीएम हेल्पलाईन और सीएम हेल्पलाईन पर कई शिकायतें दर्ज कीं। लेकिन हर बार बिना वास्तविक जांच के शिकायतों को डिस्पोस्ड या क्लोज दिखा दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल औपचारिकता बनकर रह गया है और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दिया जा रहा है। झूठी एफआईआर की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की जाए, योजनाओं से वंचित करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो, परिवार की लाड़ली बहना योजना पुन: चालू की जाए। धमकियों से सुरक्षा प्रदान की जाए। ग्राम पंचायत नानूखेड़ा में हुए भ्रष्टाचार और अवैध कब्ज़े की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

कार का शीशा तोड़कर 3 किलो चांदी के आभूषण से भरा बैग ले उड़े बदमाश

देवास। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गुरुवार को दिनदहाड़े एबी रोड पर आनंद ज्वेलर्स के सामने खड़ी कार का शीशा तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने करीब 3 किलो चांदी के आभूषण से भरा बैग चोरी कर लिया। बताया जा रहा है कि इंदौर के कश्यप नामक व्यापारी अपनी कार खड़ी कर किसी आवश्यक कार्य के लिए गए थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने कार का शीशा तोड़ा और अंदर रखा चांदी के आभूषणों से भरा बैग लेकर फरार हो गए।

वारदात की सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी फूटेज खंगालते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को पकडने का दावा किया जा रहा है।

बीएनपी में टीबी रोग रोकथाम के लिए लगा जांच शिविर

आसपास के वातावरण को रखें साफ और हवादार

देवास। बैंक नोट प्रेस अस्पताल में महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय के सहयोग से टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी रोग जांच शिविर 10 मार्च से 20 मार्च तक शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि बीएनपी के मुख्य महाप्रबंधक के एन महापात्र संयुक्त महाप्रबंधक एसएस राठौर सीआईएसएफ के वरिष्ठ समादेष्ठ संदीप कुमार, संयुक्त महाप्रबंधक मानव संसाधन अधिकारी सुनील दुपारे, जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सरोजिनी जेम्स के आतिथ्य में सर्वप्रथम सभी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ पीयूष आचार्य ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक महापात्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि टीबी एक लाईलाज बीमारी नहीं है यदि हम सतर्क और समय पर जांच कराई तो हम खुद को और अपने परिवार को इस बीमारी से बचा सकते हैं। एक संस्थान के रूप में हमारी जिम्मेदारी केवल कार्य क्षमता बढ़ाना ही नहीं बल्कि अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा का भी ध्यान रखना है इसलिए हम सभी को टीबी के लक्षणों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। सभी से यह आग्रह करता हूं कि कार्यस्थल पर स्वच्छता बनाए रखें, खांसते एवं छीकते समय मुंह को ढके और अपने आसपास की वातावरण को साफ और हवादार रखें, हम सब मिलकर टीबी मुक्त समाज निर्माण में योगदान दें।

उन्होंने बताया कि डॉ पीयूष आचार्य बीएनपी के कर्मचारियो अधिकारियों एवं सीआईएसएफ के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजक और उन्हें सही समय पर स्वास्थ्य के प्रति सलाह देते। इस अवसर पर जाहिद पठान, वैभव पेखलै, भुवन साहू, आशीष दत्त, सदानंद यादव, शुभम चक्रवर्ती, कमल सिंह चौहान, अनिल कुमार, विभूत शुक्ला, एस एस रावत, दीपक धिन्ना, गौरव कुमार, लता अवस्थी, अभिरुचि शर्मा एवं अधिकारी कर्मचारी गण और सीआईएसएफ के कर्मचारी सदस्य गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हिंदी अधिकारी देवेंद्र तिवारी ने किया एवं सभी का आभार डॉ पीयूष आचार्य ने माना।

चयनित छात्रों को बांटी आरोहण स्कॉलरशिप की राशि

भौंरासा। देवास-भोपाल कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर प्रशासन द्वारा टोल कर्मचारियों के मेधावी बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2025-26 के लिए आरोहण स्कॉलरशिप योजना के तहत डीबीसीपीएल के फंदा टोल प्लाजा पर टोल कर्मचारियों के मेधावी बच्चों और अभिभावकों की उपस्थिति में आरोहण स्कॉलरशिप राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

योजना के अंतर्गत ऑल इंडिया स्तर पर टोल कर्मचारियों के 300 मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जिसमें कक्षा 10वीं-12वीं के विद्यार्थियों को 12 हजार और यूजी-पीजी के विद्यार्थियों को 50 हजार की शैक्षणिक सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में फंदा टोल प्लाजा पर आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में प्रोजेक्ट हेड अजय मिश्रा के नेतृत्व में तथा एमपीआरडीसी के चीफ इंजीनियर की गरिमामयी उपस्थिति में चयनित विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के साथ प्रोत्साहन स्वरूप चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह पहल केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि इस विश्वास का संदेश है कि किसी भी टोल कर्मचारी के बच्चे की शिक्षा पैसों के अभाव में रुकनी नहीं चाहिए। आरोहण स्कॉलरशिप वास्तव में बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने वाला एक प्रेरणादायक कदम है। इस मौके पर एम पी आर डी सी चीफ इंजीनियर सुनील वर्मा, डीएम - एम पी आर डी सी सोनल सिंहा ए जी - एम एम पी आर डी सुनील जैन डी बी सी पी एल- सी एस आर टीम मेधावी बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

समय पर कर्ज नहीं जमा करने पर नहीं मिलेगा लाभ

भौंरासा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा भौरासा में लगने वाली शाखा भौरासा, संवरर्सी, कुलाला, बोलासा, पोलायजागीर के किसानो को 0 प्रतिशत ब्याज ऋण योजना के तहत अदायगी की अंतिम तिथि की जानकारी दी है शाखा प्रबंधक नेपाल सिंह चावड़ा ने बताया कि खरीफ सीजन के ऋण की अदायगी 28 मार्च 2026 तक और रबी सीजन के ऋण की आदायगी 15 जून 2026 तक अनिवार्य है समय पर ऋण जमा करने वाले किसानों को 1 अप्रैल 2026 में आगामी खरीफ सीजन के लिए नकद ऋण और खाद - बीज उपलब्ध कराया जाएगा ओवरड्यू खातों को शासन की योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

परिशिष्ट B - संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय गुना
प्रथम जिला न्यायाधीश, गुना

एमएसीसी/7/2025
खुमान सिंह सहरिया आदि
बनाम प्रहलाद भारती
NEXT DATE : 17-04-2026

01.प्रहलाद भारती
पता-निवासी-ग्राम राबडिया थाना टॉक खुर्द जिला देवास म0प्र0
02.मेसर्स शिवशक्ति कार्गोसर्विस 9/अरबिन्द कुमार रघुवंशी पुत्र श्री ओंकार
पता- ग्राम राबडिया थाना टौक खुर्द जिला देवास म.प्र.

यह कि प्रार्थी खुमान सिंह सहरिया आदि ने आपके विरूद्ध एमएसीसी/7/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 02-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। अधिक जानकारी वेबसाइट ecourts.gov.in अथवा मोबाइल एप. eCourts Services (Android or iOS) से प्राप्त की जा सकती है।

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

न्यायाधीश
शैलजा गुप्ता
प्रथम अतिरिक्त सदस्य
मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण गुना म.प्र.

एक नजर में

समय पर हो जल वितरण, पेय जल की गुणवत्ता पर करें फोकस

एमजी रोड, पुनर्घनत्वीकरण, जलप्रदाय-स्वच्छता कार्यों की महापौर ने की समीक्षा

देवास। एमजी रोड पुर्नघनत्वीकरण व जल प्रदाय एवं स्वास्थ्य विभाग के संबंध में महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा 12 मार्च को निगम बैठक हाल में अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई।

आगामी वर्षाकाल मानसून को दृष्टिगत रखते हुए एमजी रोड के कार्यो को शीघ्रता से करने की रूप रेखा तैयार करें जिससे बारिश में व्यवसाईयों, रहवासियों व राहगीरों को जल जमाव कीचड जैसी किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न नही हो। इसको लेकर महापौर ने आयुक्त दलीप कुमार एवं विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान जानकारी लेते हुए एमजी रोड चौडीकरण के दौरान चल रहे धीमी गति से कार्य पर चर्चा कर नाला निर्माण, सिवरेज लाईन अन्य जो लाईन डाली जाना है उसे शीघ्रता से करने तथा एम.पी.ई.बी. से चर्चा कर विद्युत केबल की लाईन भी चल रहे कार्यो के साथ 10 दिवस में डालवाये जाने के लिए प्र. कार्यपालन यंत्री को कहा। महापौर ने सिवरेज लाईन जो डलना है की जानकारी ली। सिवरेज सर्वे का शेष कार्य है उसे शीघ्र पूर्ण करने तथा सिवरेज के कार्यो के कारण अन्य कार्य में बाधा नही आये इस हेतु सिवरेज का सर्वे एवं शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु कहा इसी के साथ गेलगैस कम्पनी से चर्चा कर लाईन एवं हाउस कनेक्शन, जलप्रदाय की लाईन, अण्डरग्राउंड विद्युत लाईन भी एक साथ डले कार्य की मानिटरिंग करते हुए कार्य शीघ्रता से करवाये जाने के साथ ही प्रतिदिन एमजी रोड पर पानी के छिडकाव एवं साफ साफाई के निर्देश महापौर ने दिये।

वार्डो में जल वितरण को लेकर तथा गंदे पानी की शिकायत की सूचना महापौर को मिलने पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने शहर मे किये जाने वाले जल वितरण को लेकर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण, पेयजल वितरण को समय पर करने एवं पेयजल की गुणवत्ता की जांच वार्डवार करने तथा पानी की लाईनों को भी चेक करने एवं समस्या होने पर उसका शीघ्र निराकरण किये जाने के निर्देश दिये। ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए क्षिप्रा डेम से शहर में किये जाने वाला पेयजल वितरण पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध रहे इस हेतु एन.वी.डी.ए. को पत्र के माध्यम से अवगत कराकर सतत सम्पर्क रखें।

महापौर ने आकस्मिक पेयजल वितरण में उपयोग किये जाने वाले टेंकरों की साफ सफाई एवं सुधार कार्य कर व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। स्वच्छता सर्वेक्षण का दृष्टिगत रखते हुए महापौर ने शहर में दिन एवं रात्रीकालीन सफाई व्यवस्था को ओर सुदृड बनाये जाने एवं नाला एवं नालियों की सफाई के साथ गार्डनों के रख रखाव के लिए भी निर्देशित किया।